# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 25.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थाना त्रिलोकपुर साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹ 4079/- को MRM Portal के माध्यम आवेदक के खाते में कराया गया वापस।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 25.09.2026 को आवेदक आरिफ पुत्र मो इजरायल निवासी डोकम अमया थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से दिनांक- 26.04.2026 को वित्तीय फ्राड होने की शिकायत किया गया था। जिस पर थाना त्रिलोकपुर साइबर सेल टीम व बैंक के समन्वय से आवेदक आरिफ उपरोक्त के फ्राड धनराशि में से ₹ 4079/- रुपये को MRM Portal के माध्यम से पीड़ित के खाते में उनके खाते में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली थाना त्रिलोकपुर साइबर पुलिस टीम का विवरणः-**

01. थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

02. उ0नि0 जय प्रकाश प्रसाद प्रभारी साइबर सेल थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

03. हे0का0 रवि कुमार साइबर सेल थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

04. का0 अरुण कुमार यादव साइबर सेल थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

05. म0का0 प्रीति साइबर सेल थाना त्रिलोकपुर।

# प्रेस नोट दिनांक 25.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 फेज 2 के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ वाले स्थानों व मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान (IPS) के पर्यवेक्षण में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 25.09.2026 को उ0नि0 मीरा चौहान प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड/शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति 5.0 फेज 2 के अन्तर्गत थानाक्षेत्र मोहाना के मोहाना बाजार ,बर्डपुर बाजार, मधुबेनिया, पुरानी नौगढ़ आदि स्थानों पर महिलाओं और बच्चियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090,1098,112,181,930,108,102 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग करते हुए महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरणः-**

01.उपनिरीक्षक मीरा चौहान प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड

02. महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्य

02.महिला आरक्षी नेहा सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 25.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 25.09.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 25.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कंचनपुर की बालिकाओं/ महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 25.09.2026 को विजय शंकर सिंह थानाध्यक्ष थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कंचनपुर की बालिकाओं/ महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राम शब्द यादव

02.हे0का0 जितेंद्र सिंह

03.का0 राजमणि यादव

04.म0का0किरन यादव, म0का0 अंजली वर्मा

## प्रेस नोट दिनांक 25.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पटखौली की बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।**

वरिष्ट पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 25.09.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बाँसी शुबेंदु सिंह तथा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम पटखौली की बालिकाओं/महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला2 सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया। तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगरः-**

01. उ0नि0 अनिल कुमार पाण्डेय

02. म0हे0का0 नीलम शुक्ला

03. रि0म0का0 प्रियापाण्डेय

# प्रेस नोट दिनांक 25.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 05(द्वितीय चरण) के तहत थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम-शिवपति नगर, टोला जनकनगर में महिलाओं और बच्चियों को नये कानून, गुड टच व बैड टच, नारी सुरक्षा, साइबर अपराध के बारे में जागरुक किया गया।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम मे महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 25/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान तथा थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्राम- शिवपति नगर, टोला जनकनगर थाना-मोहाना जनपद सिद्धांर्थनगर में महिलाओं और बच्चियों को एकत्रित कर सरकार द्वारा चलाए गए अभियान के संबंध मे मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियममातृ शक्ति को सम्बलनिराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान की जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन1098, चाइल्ड हेल्पलाइन102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना मोहाना---**

1.उ0नि0 सुनील कुमार सिंह

2.उ0 नि0 जयमाल

3.हे0 का0 विनोद भारती

4.का0 मनीष सिंह

5.म0 का0 साक्षी सिंह।

# प्रेस नोट दिनांक 25.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆युपीआई के माध्यम  से  साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹ 15771/- को थाना खेसरहा साइबर टीम द्वारा MRM के माध्यम से शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराया गया।**

दिनांक-17.10.2025 को आवेदक अजय कुमार पुत्र चन्द्रप्रकाश निवासी मरवटिया  थाना खेसरहा, जनपद सिद्धार्थनगर , के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत संख्या-33110250142692  के माध्यम से दिनांक 17/10/2025 को शिकायत किया गया था कि जिसमें UPI  के जरिए 59991/- रुपया का फ्रॉड हो गया था। डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी /लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में साइबर सेल टीम एवं बैंक के समन्वय से आवेदक  अजय कुमार उपरोक्त को फ्राड धनराशि का 15771/- रुपये दिनांक 25.09.2026 को MRM व कार्ट ऑर्डर के माध्यम से उनके  खाते में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण-**

1.रामकृष्ण मिश्र (प्रभारी निरीक्षक थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर)

2.साइबर सेल प्रभारी राघवेंद्र प्रताप यादव

3.  का0 अभिषेक मौर्य

4.रि0का0नीरज कुमार

5.म0का0 रम्भा यादव

# प्रेस नोट दिनांक 25.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **UPI के माध्यम से साइबर फ्रॉड धनराशि 49500/- रुपया को थाना खेसरहा साइबर सेल द्वारा MRM के माध्यम से शिकायतकर्ता खाते में कराया गया वापस।**

दिनांक-27.01.2026 को आवेदक रामवृक्ष जायसवाल पुत्र पलकधारी निवासी मुजडीह थाना खेसरहा, जनपद सिद्धार्थनगर , के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत संख्या-33101260020090 के माध्यम से दिनांक 27/01/2026 को शिकायत किया गया था कि जिसमें UPI के जरिए 95400/- रुपया का फ्रॉड हो गया था।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी /लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में साइबर सेल टीम द्वारा बैंक के समन्वय से आवेदक अजय कुमार उपरोक्त को फ्राड धनराशि का 49500/- रुपये दिनांक 25.09.2026 को MRM के माध्यम से उनके खाते में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण-**

1.रामकृष्ण मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

2.साइबर सेल प्रभारी राघवेंद्र प्रताप यादव

3. का0 अभिषेक मौर्य

4.रि0का0नीरज कुमार

5.म0का0 रम्भा यादव

# प्रेस नोट दिनांक 25.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जिला कारागार सिद्धार्थनगर का किया गया आकस्मिक निरीक्षण।**

**◆सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 25.09.2026 को जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थनगर द्वारा जिला कारागार सिद्धार्थनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहें। सभी बैरको का तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार सिद्धार्थनगर में निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थायें सन्तोष जनक पायी गयी। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे व शातिर किस्म के बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखे एंव आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।

# प्रेस नोट दिनांक 25.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना लोटन पुलिस टीम द्वारा 12 बोरी इलेक्ट्रॉनिक स्कैप बरामद कर अन्तर्गत धारा-11 कस्टम अधिनियम में कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व श्री विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में श्री प्रदीप कुमार सिंह थानाध्यक्ष लोटन मय टीम द्वारा आज दिनांक 25/09/2026 को अपराध एवं अपराधियों व रोकथाम तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना लोटन पुलिस टीम के द्वारा 12 बोरी इलेक्ट्रॉनिक स्कैप को ग्राम करमैनी से उत्तर नेपाल राष्ट्र को जाने वाली पगडण्डी से इण्डो नेपाल बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान बरामद किया गया बरामद शुदा सामान को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1.SI रमेश कुमार यादव चौकी प्रभारी हरिवंशपुर थाना लोटन जनपद सिद्धार्थ नगर

2.HC कन्हैया यादव चौकी हरिवंशपुर

3.HC बजरंगदास यादव चौकी हरिवंशपुर

4.का0 विजय यादव चौकी हरिवंशपुर